क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I hitherto known as INDRAJEET KUMAR VARMA S/O: LACHCHHI RAM VERMA, R/O- 1142/a, oposite police chowki, new pathakpura, VTC: Orai, PO: Orai, Sub District: Orai, District: Jalaun, State: Uttar Pradesh, Pin Code: 285001, have changed my name and shall hereafter be known as SHEKHAR VERMA.

I hitherto known as PARAMILA CHAUHAN S/O: ATISH KUMAR CHAUHAN, R/O- kalyanipur, VTC: Kajhari, PO: Kajhari, Sub District: Rasra, District: Ballia, State: Uttar Pradesh, Pin Code: 221701, have changed my name and shall hereafter be known as PRAMILA CHAUHAN.

I, ANIL KUMAR S/O: JAGBEER SINGH, R/O- gram post panchali khurd, Panchli Khurd, Meerut, Panchli Khurd, Uttar Pradesh, 250002, have changed the name of my minor daughter VANSIKA aged 15 years and she shall hereafter be known as VANSHIKA.

I hitherto known as SANDEEP KUMAR SHUKLA S/O: BALMIKI SHUKLA, R/O- belbhriya, Belbhria, PO: Purani Basti, DIST: Basti, Uttar Pradesh - 272002, have changed my name and shall hereafter be known as SHARAD KUMAR SHUKLA.

I hitherto known as MOHD JAHIR S/O: SHAKIL AHMAD, R/O- Milak Sainaya, Rampur, Uttar Pradesh -244901, have changed my name and shall hereafter be known as MD RAIHAN.

I hitherto known as VASUDEV S/O: ASHOK KUMAR, R/O- Post Office -Shah Nagar Kurali, PO:Badhapur, Saharawala, DIST: Bijnor, Uttar Pradesh, 246724, have changed my name and shall hereafter be known as VASUDEV NIRWAL.

I hitherto known as PAYAL SAGAR S/O: ATAR SINGH, R/O- budh vihar gali no- 3, near sai kanya inter collage, Mansarovar Colony, Moradabad, PO: Moradabad, DIST: Moradabad, Uttar Pradesh - 244001, have changed my name and shall hereafter be known as PAYALSINGH.

I hitherto known as BALWINDER KAUR W/O: BOOTA SINGH, R/O- village Buraj Bhalai ke, Tehsil Sardulgarh, Burj Bhalai, Mansa, Mansa, Punjab, 151505, have changed my name and shall hereafter be known as MANPREET KAUR.

I hitherto known as RAJ KALIYA DEVI W/O: KAILASH SINGH, R/O- Gram-patanwa kala, Indarpura, PO: Indrapuri, DIST: Rohtas, Bihar - 821308, have changed my name and shall hereafter be known as RAJKALO DEVI.

NAME CHANGE

I hitherto known as GANGAMAYA CHETTRI ROKA W/O: KAMAL TAMANG, R/O- Kalimpong-II, Mansung Tallo Gaon, Sangse, VTC: Mansong Cinchona Plantation, PO: Munsong, Sub District: Kalimpong - II, District: Kalimpong, State: West Bengal, Pin Code: 734315, have changed my name and shall hereafter be known as GANGA DEVI CHETTRI.

I hitherto known as KARIKET SINGH S/O: SATENDRA SINGH R/O- Sitla Mewa Mursan Hathras Hathras Uttar Pradesh 204213, have changed my name and shall hereafter be known as KARTIK SINGH.

I hitherto known as SUBHAN S/O: MASAFIR R/O- 32, Kotavaanshik Kotava Tehsil - Hata Distt, Kushinagar (UP)- 274301, have changed my name and shall hereafter be known as MOHAMMAD SUBHAN ALI.

I hitherto known as O.P .SRIVASTAVA S/O: G.S LAL, R/O- Khemaipur, PO: Asanao Bazar, DIST: Sant Ravidas Nagar, Uttar Pradesh - 221401, have changed my name and shall hereafter be known as OM PRAKASH SRIVASTAVA.

I hitherto known as SHYAMJILAL S/O: SHAILENDRA KUMAR, R/O- kairawali Talibpur PO: Talibpur DIST: Mainpuri Uttar Pradesh - 205261 have changed my name and shall hereafter be known SHYAMJILAL KUMAR.

I hitherto known as AMAN PAHADIYA S/O: HEMLAL PANDIT, R/O- Vill Shankarpur Po Baiharkunda, VTC: Taljhari, PO: Ghormara, Sub District: Jarmundi, District: Dumka, State: Jharkhand, Pin Code: 814120, have changed my name and shall hereafter be known as AMANJIT PANDIT.

I hitherto known as LALITA DEVI W/O: PRADEEP KUMAR DAS, R/O- Near Ambedkar Chowk, Bherwa Nawadih, Madhupur, PO: Madhupur, DIST: Deoghar, Deoghar, Jharkhand- 815353, have changed my name and shall hereafter be known as LALITA SONI.

I, SRIBAS MISTRY S/O: BHAJAHARI MISTRY R/O- W 18, Chakkamina, Tamluk (m), PO: Tamluk, DIST: Purba Medinipur, West Bengal- 721636 have changed the name of my minor daughter MADHUSRI MANNA aged 08 years and she shall hereafter be known as MADHUSRI MISTRY.

I hitherto known as RAMANAND YADAV S/O: DEVSHARAN YADAV, R/O- Vill - mahadev bigha, Chandharia, PO: Chandhari, DIST: Nalanda, Bihar - 801303, have changed my name and shall hereafter be known as RAMNANDAN PRASAD.

NAME CHANGE

I hitherto known as KUMARI NIKITA D/O: RAJ KUMAR PRASAD GUPTA, R/O- Salimpur Ahra, Lane No-2, Gandhi Maidan, Phulwari, PO: Kadamkuan, DIST: Patna, Bihar - 800003, have changed my name and shall hereafter be known as ZOYA. I have changed my name only not my religion.

I, DIVESH KUMAR SHARMA S/O: SRI KRISHNACHANDRA SINGH, R/O- Vill Post- Alawan, Thana- Parwalpur, Alawan, PO: Alawan, DIST: Nalanda, Bihar - 803114, have changed the name of my minor son PUSHKAR RAJ PROHIT aged 13 years and he shall hereafter be known as PUSHKAR RAJ PUROHIT.

I hitherto known as MEHRUN NISHA W/O: SAHADAT, R/O- House No 99, Ward No 04, Near Masjid, Block-Madhupur/Post- Madhupur, VTC: Patwabad, District: Deoghar, State: Jharkhand, Pin Code: 815353, have changed my name and shall hereafter be known as MAHROON.

I hitherto known as MAMONI SARKAR W/O: BISWAJIT DAS, R/O- Kar Para, VTC: Radharanipur, PO: Jyotishpur, District: South 24 Parganas, State: West Bengal, Pin Code: 743312, have changed my name and shall hereafter be known as GOURI DAS.

I, MOHAMMAD MUSTAFA S/O: MOHAMMAD SHAMIM, R/O- Graam-Kharua Chainpur, Anchal-Dhaka, Kharhua Chainpur, East Champaran, Bihar- 845304, have changed the name of my minor daughter JANAVI SHEKH aged 11 years and she shall hereafter be known as SANAM SHEKH.

I hitherto known as NAJAMAUIN S/O: UNUS, R/O- nawabakhar tola - parsahi, War No-04, Nawabakhar, Supaul Bihar - 852138 have changed my name and shall hereafter be known NIZAMUDDIN INYUS.

I hitherto known as MOHAMMAD NAIM ANSARI S/O: MOHAMMAD ALAM ANSARI, R/O- masjid road mirchaibari Katihar, Katihar Bihar - 854105 have changed my name and shall hereafter be known MD NAIM ANSARI.

I hitherto known as DHARAMVIR SINGH S/O: RAM ISHWAR SINGH, R/O- Jahanpur, Pabhera, PO: Pabhera, DIST: Patna, Bihar - 804451, have changed my name and shall hereafter be known as DHARAMVIR PRASAD.

I, OM PARKASH TIWARI S/O: RABINDRA NATH TIWARI, R/O- Ward No 4 Chautaria Tola, Bhitaha Nizamat, West Champaran, Bihar, 845438, have changed the name of my minor daughter SARA RAJ aged 15 years and she shall hereafter be known as ANSHIKA.

ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने बिहार में रखा कदम, बेतिया में पहले शोरूम का शुभारंभ

बेतिया। आभूषणों की दुनिया में विरासत, गुणवत्ता और भरोसे की पहचान रखने वाले ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने बेतिया में अपने पहले शोरूम का शुभारंभ किया। अभिनेत्री काजल राघवानी की मौजूदगी में आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ ब्रांड ने बिहार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कंपनी ने एक ही दिन में लखनऊ, बहराइच, मिर्जापुर और बेतिया (बिहार) में चार नए शोरूम शुरू किए। गोरखपुर में वर्ष 1940 में स्थापित इस प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड के लिए बेतिया का नया शोरूम विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। *इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर श्री अनूप सराफ और फ्रैंचाइज़ ओनर्स श्री शिव कानोडिया, श्री आनन्द कानोडिया, श्री विवेक कानोडिया और श्री आशीष खेतान (सोनू जी) मौजूद रहे। बेतिया में स्थित नए शोरूम की शुरुआत ऐसे समय में हुई है, जब ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। एक ही दिन में बेतिया के अलावा लखनऊ, बहराइच और मिर्जापुर में भी ब्रांड के नए शोरूम का शुभारंभ हुआ। इन चार उद्घाटनों के साथ ब्रांड के परिचालनरत स्टोर की संख्या 16 से बढ़कर 20 हो गई है। इनके अलावा तीन और शोरूम का निर्माण कार्य जारी है, जबकि मार्च 2028 तक 30 स्टोर संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बेतिया में नए शोरूम के साथ ब्रांड ने बिहार में भी पहली बार प्रवेश किया है।



महाप्रबंधक ने दीघा ब्रिज हॉल्ट झाझा रेलखंड का किया निरीक्षण

पटना। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने शुक्रवार को दीघा ब्रिज हॉल्ट से झाझा तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेलखंड पर संरक्षा व्यवस्था, ट्रैक अनुरक्षण, यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फतुहा, बख्तियारपुर और बाढ़ सहित विभिन्न स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को रेल परिचालन में संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड पर ट्रैक की स्थिति, अनुरक्षण व्यवस्था और परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखने, यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि रेल परिचालन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सभी निर्धारित मानकों का गंभीरता से अनुपालन किया जाए। फतुहा, बख्तियारपुर और बाढ़ सहित विभिन्न स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, साफ सफाई और रेल अवसंरचना से संबंधित कार्यों की स्थिति देखी। उन्होंने स्टेशनों पर स्वच्छता का उच्च स्तर बनाए रखने तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने और उन्हें तय समय पर पूरा करने को कहा। रेलखंड के निरीक्षण के बाद महाप्रबंधक ने झाझा मेमू शेड का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मेमू रेक के अनुरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं और शेड के विभिन्न आंतरिक हिस्सों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मेमू रेक का नियमित और गुणवत्तापूर्ण अनुरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेन परिचालन में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसके लिए सभी निर्धारित तकनीकी एवं संरक्षा मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है। महाप्रबंधक के इस निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन की सुरक्षा, यात्री सुविधाओं और अनुरक्षण व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ साथ विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित दानापुर मंडल एवं पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी

(आज समाचार सेवा)

पटना। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से शुक्रवार को पाटलिपुत्र रेल परिसर दीघा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को मासिक धर्म से जुड़ी शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मेघना गर्ग ने उपस्थित बच्चियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों के समाधान के लिए उचित परामर्श दिया। उन्होंने इस विषय से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे संबंधित समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के समापन पर 100 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन और फूड पैकेट वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही महिलाओं और किशोरियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्षा पूनम श्रीवास्तव, उपसचिव प्रियंका सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने की सैनिटरी नैपकिन और फूड पैकेट वितरित

कार्यक्रम के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।

संक्षिप्त समाचार

जियो आईपीओ का १.३८ करोड़ से ज्यादा आवेदन २२ गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन

पटना (आससे)। जियो आईपीओ ने ऐतिहासिक क्लोजिंग के साथ विश्व रिकार्ड बना दिया है। जियो प्लेटफार्म्स के रुपे ३०, २१३ करोड़ के आईपीओ में तीन दिनों के दौरान १.३८ करोड़ से ज्यादा आवेदन आए। यह दुनिया में किसी भी आईपीओ को मिले अब तक के सबसे अधिक आवेदन हैं। शुक्रवार शाम ७ बजे बिडिंग बंद होने तक आईपीओ २२ गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका था। एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब रुपे ७.४० लाख करोड़ पहुंच गयीं। इनमें गैर-एंकर निवेशकों से करीब रुपे ४.९० लाख करोड़ और एंकर निवेशकों से करीब रुपे २.५० लाख करोड़ की मांग शामिल है। जियो आईपीओ में रिटेल निवेशकों के बीच भी शेयरों के लिए जबरदस्त होड़ रही है। रिटेल कैटेगरी में करीब ८.५ करोड़ शेयर उपलब्ध थे, लेकिन २३ करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आयीं। यानी उपलब्ध शेयरों के मुकाबले २.७२ गुना मांग रही।

टाटा एआईए लाइफ के नये प्लान से पॉलिसी के पहले से ही दिन से मिलेगा ३० गुना लाइफ कवर

पटना (आससे)। अधिकांश परिवारों के लिए, वित्तीय योजना का मतलब दो वादे निभाना है। भविष्य के लक्ष्यों के लिए बचत करना और किसी अनहोनी की स्थिति में अपने प्रियजनों को आर्थिक रूप से सुरक्षित रखना। अक्सर ग्राहकों को इन दोनों में से किसी एक को चुनना पड़ता है- या तो वे कम लाइफ कवर वाले सेविंग्स प्लान चुनते हैं या फिर बिना किसी मैच्योरिटी लाभ प्योर प्रोटेक्शन प्लान। आज के परिवार दोनों चीजें चालते हैं। पहले ही दिन से बड़ी सुरक्षा और भविष्य के लिए एक निश्चित गारंटीड फंड। इस नये बदलाव पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस की सीनियर वीपी और हेड ऑफ प्रोडक्टर मैनेजमेंट, श्रुति ओक ने कहा, 'वित्तीय योजना का असली उद्देश्य आज अपने अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कल की तैयारी करना है। फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम में किये गये इस बदलाव के साथ, हम गारंटीड बचत के भरोसे के साथ एक बड़े स्तर की सुरक्षा लेकर आए हैं। यह 'हाई लाइफ कवर एंडोमेंट' विकल्प ग्राहकों को पहले ही दिन से एक मजबूत लाइफ कवर देता है' ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने लंबी अवधि के वित्तीय लक्ष्यों पर ध्यान केन्द्रित रख सकें। इसी जरूरत को पूरा करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपने 'टाटा एआईए फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम' प्लान में 'हाई लाइफ कवर एंडोमेंट' विकल्प जोड़ा है। इसके तहत, लागू नियमों और शर्तों के अनुसार, पॉलिसी के पहले ही दिन से वार्षिक प्रीमियम का ३० गुना लाइफ कवर मिलेगा और पॉलिसी अवधि के अंत में मैच्योरिटी पर एकमुश्त गारंटीड राशि भी दी जाएगी।

पिंक अक्टूबर : मैनकाइंड फार्मा ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता शुरुआती पहचान और समय पर इलाज पर दिया जोर

पटना (आससे)। ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर मैनकाइंड फार्मा ने अपने 'पिंक अक्टूबर' अभियान के जरिए ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता, समय रहते इसकी पहचान और सही समयपर इलाज के महत्व पर जोर दिया। यह पहल कंपनी के वन मिलियन लाइव अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और उनको अपने स्वास्थ्य के प्रति समय रहते जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता लोगों को समय पर डाक्टर से सलाह लेने और इस बीमारी को समझने में मदद करती है। इसके संभावित संकेतों में स्तन में गांठ या असामान्य मोटापन, स्तन के आकार का बनावट में बदलाव, त्वचा या निप्पल में बदलाव और निप्पल से असामान्य स्राव (डिस्चार्ज) शामिल हो सकते हैं। हालांकि, ये बदलाव कैंसर के ही संकेत हों ऐसा नहीं है, लेकिन ऐसी स्थिति में डाक्टर से सलाह लेना जरूरी है। व्यक्त कि उम्र और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को ध्यान में रखते हुए डाक्टर की सलाह के अनुसार क्लिनिकल जांच और मैमोग्राफी से ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान में मदद मिल सकती है।

रेडमी 17सी 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू

पटना। शाओमी इंडिया ने रेडमी 17सी 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। इसमें 6.9 इंच की स्क्रीन, 120 हर्ट्ज ताज़ा दर और 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है। फोन में 33 वॉट तेज चार्जिंग, 50 मेगापिक्सल का कैमरा और धूल-पानी से बचाव की सुविधा है। इसके 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत 20,999 रुपये, जबकि 6 जीबी रैम वाले मॉडल की कीमत 22,999 रुपये है।

एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स 2026 किया लांच

पटना (आससे)। एचडीएफसी बैंक ने त्योहारों के अवसर पर फेस्टिव ट्रीट्स 2026 अभियान शुरू किया है। इसके तहत ऋण, कार्ड, बचत और चालू खातों पर विशेष ऑफर मिलेंगे। ग्राहक क्रेडिट कार्ड और आसान किस्तों से खरीदारी कर 70 हजार रुपये तक की बचत कर सकते हैं। बैंक के विपणन प्रमुख रवि संथानम ने बताया कि अभियान में आकर्षक छूट, आसान ऋण और किस्तों की सुविधा दी जाएगी, ताकि ग्राहक त्योहारों में समझदारी से खर्च कर सकें।

भीम ऐप ने गूंज के साथ की साझेदारी

पटना (आससे)। भीम भुगतान ऐप ने अपने 'मीठी दिवाली' अभियान के तीसरे संस्करण के लिए गूंज संगठन के साथ साझेदारी की है। 19 अक्टूबर से 8 नवंबर तक उपयोगकर्ताओं के हर सातवें लेनदेन पर जरूरतमंद बच्चों को विद्यालय किट उपलब्ध कराने में सहयोग दिया जाएगा। एनपीसीआई भीम के गौरव कोचर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य डिजिटल लेनदेन को बच्चों की शिक्षा से जोड़ना है। गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता ने भी इसे सार्थक पहल बताया।

मोटोरोला ने त्योहारी बिक्री के दूसरे चरण की घोषणा की

पटना। मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ बिक्री 2026 के दूसरे चरण में अपने स्मार्टफोन पर विशेष त्योहारी छूट देने की घोषणा की है। इस अभियान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत कैमरा, आकर्षक डिजाइन और दमदार बैटरी वाले फोन शामिल हैं। ग्राहक मोटोरोला एज 70 फ्यूजन, एज 70 प्रो, एज 70 प्रो प्लस, मोटो जी मैक्स और मोटोरोला सिग्नेचर सहित कई मॉडल फ्लिपकार्ट पर विशेष कीमतों में खरीद सकेंगे।

सैमसंग प्रतियोगिता में चार टीमों ने जीते दो करोड़ रुपये

पटना। सैमसंग इंडिया की 'सॉल्व फॉर टुमारो 2026' प्रतियोगिता में चार विजेता टीमों ने कुल दो करोड़ रुपये की सहायता राशि जीती। नई दिल्ली में आयोजित समापन समारोह में रायबरेली, रायपुर, दिल्ली और हैदराबाद की टीमों को विजेता घोषित किया गया। इन्हें आईआईटी दिल्ली में मार्गदर्शन और उद्यम विकास सहायता भी मिलेगी। प्रतियोगिता में 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों के 648 शहरों से प्रतिभागियों ने तकनीक आधारित समाधान प्रस्तुत किए।

करवा चौथ के लिए अमेजन पर मिलेंगे त्योहार से जुड़े उत्पाद

पटना। अमेजन इंडिया ने करवा चौथ को खास बनाने के लिए कपड़ों, आभूषणों, सौंदर्य उत्पादों, मिठाइयों, पूजा सामग्री और उपहारों की विस्तृत श्रृंखला पेश की है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत ग्राहकों को प्रमुख ब्रांडों पर आकर्षक छूट मिल रही है। प्राइम सदस्यों को चुनिंदा खरीदारी पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट और 250 रुपये तक अतिरिक्त नकद वापसी का लाभ भी मिल सकता है। वहीं, अमेजन नाउ के माध्यम से जरूरी सामान की तेज आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है।

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल 'भूत बंगला' का वर्ल्ड टेलीविज़न



जब अक्षय कुमार की ज़बरदस्त कॉमिक टाइमिंग मिलती है प्रियदर्शन की कहानी कहने के खास अंदाज़ से, तो हँसी, अफरा-तफरी और मनोरंजन का धमाल होना तय है। अपनी मशहूर जोड़ी के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रहे हैं अभिनेता अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन। उनकी फिल्म 'भूत बंगला' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर रविवार, 25 अक्टूबर को रात 8 बजे ज़ी सिनेमा पर होने जा रहा है। प्रियदर्शन के अंदाज़ में मची अफरा-तफरी और अक्षय कुमार की बेफिक्र कॉमेडी के साथ यह फिल्म दर्शकों को ऐसे मजेदार सफर पर ले जाएगी, जहाँ एक पल डर लगेगा और अगले ही पल हँसी छूट जाएगी। अक्षय कुमार के साथ फिल्म में तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता, स्वर्गीय असरानी, राजेश शर्मा और मिथिला पालकर भी अहम् भूमिकाओं में नज़र आएँगे। इतने शानदार कलाकारों की टोली कहानी के मजे को और बढ़ाती है। फिल्म में कुछ ऐसा गड़बड़झाला होता है कि अलौकिक घटनाएँ और मजेदार गलतफहमियाँ एक साधारण-सी शादी को ऐसे रोमांचक सफर में बदल देती हैं, जहाँ हर मोड़ पर कुछ नया देखने को मिलता है। अक्षय कुमार ने कहा, भूत बंगला की शूटिंग पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक खूब मजेदार रही। प्रियदर्शन सर के साथ दोबारा काम करना ऐसा लगता है, जैसे अपने घर लौट आया हूँ। वामिका गब्बी ने कहा, भूत बंगला का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा था। अक्षय सर और परेश जी के साथ स्क्रीन साझा करना और प्रियदर्शन सर के निर्देशन में काम करना मेरे लिए हर दिन कुछ नया सीखने जैसा रहा। प्रियदर्शन ने कहा, भूत बंगला एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैंने बहुत प्यार से बनाया है। इस फिल्म ने मुझे अक्षय के साथ दोबारा काम करने और शानदार कलाकारों की टोली के साथ जुड़ने की खुशी दी। परेश रावल ने कहा, जब किसी फिल्म में प्रियदर्शन और अक्षय साथ हों, तो आपको पहले से ही पता होता है कि सेट पर खूब हँसी मजाक होने वाला है।

एसबीआई कार्ड और इटर्नल ने सह-ब्रांडेड 'इटर्नल एसबीआई कार्ड' लांच किया

पटना। भारत में केवल क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और इटर्नल लिमिटेड (जिसे पहले ज़ोमैटो लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज इटर्नल एसबीआई कार्ड को लॉन्च करने और इसके लिए अर्ली एक्सेस ('पहले पहुँच') की सुविधा शुरू करने की घोषणा की। यह एक सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे इटर्नल और इससे जुड़ी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। यह इस श्रेणी के शुरुआती कार्डों में से एक है, जो एक ही इकोसिस्टम के अंतर्गत कई ब्रांडों पर तुरंत छूट प्रदान करता है। इससे ग्राहकों को रोज़मर्रा की खरीदारी पर अधिक लाभ मिलेगा और इटर्नल समूह के ब्रांडों के अलावा भी कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे। ग्राहक अब ज़ोमैटो, ब्लिंकिट और डिस्ट्रिक्ट ऐप्स के माध्यम से पहले आवेदन करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। 22 अक्टूबर 2026 से चरणबद्ध तरीके से कार्ड उपलब्ध होने पर उन्हें आवेदन करने के लिए आमंत्रण भेजा जाएगा। कार्डधारकों को ज़ोमैटो, डिस्ट्रिक्ट और ब्लिंकिट पर किए गए लेन-देन पर 10प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी। ब्लिंकिट पर इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी श्रेणियों के उत्पादों की खरीदारी पर 10 प्रतिशत और अन्य सभी श्रेणियों की खरीदारी पर 5 प्रतिशत की तत्काल छूट मिलेगी (नीचे दी गई कुछ अपवर्जित श्रेणियों को छोड़कर)। इन सभी छूटों की कुल सीमा उपर्युक्त सभी प्लेटफॉर्म पर की गई खरीदारी के लिए 2,000 प्रति माह होगी।

इसके अतिरिक्त, बिस्ट्रो पर 10 प्रतिशत की तत्काल छूट और डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से मूवी टिकट खरीदने पर एक के साथ एक टिकट मुफ्त का ऑफर मिलेगा। (इटर्नल के ब्रांडों पर मिलने वाली सभी छूटें इन प्लेटफॉर्म पर पहले से उपलब्ध ऑफर के अतिरिक्त होंगी।) इटर्नल एसबीआई कार्ड के माध्यम से ग्राहक अपोलो 2477, इक्सिगो, उबर और अर्बन कंपनी पर खर्च करने पर 5 प्रतिशत कैशबैक भी कमा सकते हैं।

गांधी मैदान में होगा कल से एक्सपो का आयोजन

पटना (आससे)। आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना एवं श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'दशहरा मेला सह पटना एक्सपो 2026' का आयोजन राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आगामी 25 अक्टूबर से 6 नवम्बर, 2026 तक किया जाना तय हुआ है। एक्सपो को अधिक आकर्षक, आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सभी हैंगरों को एयर कंडीशनिंग की सुविधा से सुसज्जित किया गया है। इससे व्यापारियों और ग्राहकों को बेहतर एवं आरामदायक वातावरण मिलेगा, जिससे वे बिना किसी असुविधा के व्यापारिक गतिविधियों और खरीदारी का आनंद ले सकेंगे। इस मौके पर शुक्रवार को गांधी मैदान स्थित पटना एक्सपो परिसर में एक भव्य प्रेस वार्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस एक्सपो के माध्यम से शहरवासियों को खरीदारी, व्यापार और विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का एक आकर्षक अवसर मिलेगा। पटना एक्सपो में विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों जैसे कंज्यूमर एवं शॉपिंग, रियल एस्टेट एवं प्लॉट, ऑटोमोबाइल्स, हैंडीक्राफ्ट्स एवं हैंडलूम, एजुकेशन / शिक्षा, शैक्षणिक संस्थान, बैंकिंग, फाइनांस एवं इन्स्योरेन्स / बीमा, ज्वेलरी, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर एवं हम इंटरियर, बिल्डिंग मैटेरियल्स, हेल्थकेयर एवं मेडटेक, ड्रुञ्ज एवं कंप्यूटर, इलैक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर, फर्नीचर, फन एवं मनोरंजन और फूड स्टॉल्स के साथ आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां लोगों को एक ही स्थान पर कई तरह के उत्पादों को देखने, उनकी जानकारी प्राप्त करने और खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन ग्राहकों के लिए खरीदारी का नया अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ व्यापारियों और उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं व्यावसायिक विस्तार के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा।



विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

मेष- प्रगति में बाधा, नवयोजना अधूरी, वाद-विवाद, अर्थ-पक्ष में निराशा, दुर्घटना संभव।
वृषभ- शारीरिक सुख, सलाह से कामयाबी, नौकरी में पदोन्नति, उलझनों से मुक्ति, खुशी।
मिथुन- पारिवारिक खुशी, विरोधी पराभूत, शिक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोबल में वृद्धि।
कर्क- जनसम्पर्क का सुयोग, योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, शांति भी।
सिंह- व्यापार में निराशा, प्रयास असफल, लापरवाही से हानि, प्रगति में बाधा, हानि भी।
कन्या- मनोरंजन में रुचि, राजनैतिक लाभ, प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा की पूर्ति, विरोधी परास्त।
तुला- कार्यों में प्रगति, परोपकार की भावना, मनोविनोद के अवसर, यात्रा संतोषजनक।
वृश्चिक- सुसंदेश की प्राप्ति, हर्षोल्लास का माहौल, साहसिक प्रयास, पारिवारिक खुशी, हर्ष भी।
धनु- प्रियजनों से मतभेद, स्वास्थ्य प्रभावी, मानसिक तनाव, बात-बात पर क्रोध, हानि संभव।
मकर- सफलता का सुयोग, धन प्राप्ति, संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक रुचि, दूर-समीप की यात्रा।
कुम्भ- स्वास्थ्य में सुधार, योजना फलिभूत, संकल्प सिद्धि, मानसिक राहत, यात्रा सार्थक।
मीन- नवीन योजना साकार, समस्या का निवारण, शिक्षा में सफलता, नवीन उपलब्धि।

आज है जिनका जन्मदिन — 24 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 24 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यक्तित्व शान्ति और धैर्य का सूचक होगा। निर्देशन के क्षेत्र में सर्वोपरि होंगे। किसी भी कार्य को बहुत ही शीघ्रता से करने की क्षमता रखेंगे। दूसरों की सेवा व सहायता करें के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। किसी एक जगह पर ज्यादा देर तक नहीं टिक पायेंगे। भावुकता से ओत-प्रोत होंगे। व्यवस्थित जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। किसी भी बात को लेकर तुरन्त निराश हो जायेंगे। मे ईर्ष्या की भावना भी पाई जायेगी। फैशन सम्बन्धित वस्तुओं पर अधिक व्यय करेंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य-सा रहेगा। बन संवर कर रहना ज्यादा पसन्द करेंगे। आधुनिकता प्रेमी होंगे। भोग विलासिता की ओर रुझान अधिक रहेगा। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। कनिष्ठिका अंगुली में चांदी का छल्ला सविधि धारण करें। शुक्र यंत्र धारण करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएँ। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

11	6	13
12	10	8
7	14	9

सुडोकू ४०९.३

	6							
	5	2			7			
							8	4
			3				9	
	7				5			
1								
						5		7
8								
3			4			2		

तरीका खेलने का - दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। आप नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5

हल: ४०९२ सुडोकू